तापमान
अधिकतम 25 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 24 जनवरी 2024

13 दाल भात केंद्रों को खोलने की सुगबुगाहट


14 बोर्ड परीक्षाएं मार्च से, अधूरे कोर्स से बढ़ी छात्रों की चिंता




## खबर संक्षेप

### रेडक्रॉस सोसाइटी की बैठक 30 को

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में 30 जनवरी को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा धमतरी की बैठक दोपहर 3 बजे से आहूत की गई है। कलेक्टर गांधी ने संस्था में उपलब्ध बजट, रेडक्रॉस की वार्षिक कार्ययोजना और संस्था द्वारा रेडक्रॉस के तहत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी के साथ नियत समय पर बैठक में उपस्थित होने के निर्देश संबंधितों को दिये हैं।

### सिवनीकला में प्लास्टिक बॉल क्रिकेट स्पर्धा 25 से

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला में रॉयल क्लब महावीर चौक द्वारा इस वर्ष भी रात्रिकालीन गली प्लास्टिक लीग का आयोजन 25 से 28 जनवरी तक किया गया है। पहला पुरस्कार 5524 रूपये, दूसरा पुरस्कार 3324 रूपये, तीसरा पुरस्कार 1724 रूपये रखा गया है। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क 201 रुपए है। 28 जनवरी रविवार को रस्सीखींच स्पर्धा होगी। स्पर्धा में भाग लेने वाली टीम सन्नी साहू से संपर्क कर सकती है।

### डोड़की में डीजे डांस 26 को

**धमतरी।** ग्राम पंचायत डोड़की में नव उदय युवा मंच समिति व ग्रामवासियों द्वारा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक दिवसीय रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता रखी गई है। ग्रुप डांस में प्रथम पुरस्कार 24000 रु. द्वितीय पुरस्कार 12000 रु., तृतीय पुरस्कार 6000 रु. तथा टॉप 10 प्रतिभागियों को 2000 सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा। इसी प्रकार युगल डांस में प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 4000 रू., तृतीय पुरस्कार 3000 तथा टॉप 5 प्रतिभागियों को 600 रूपए सांत्वना पुरस्कार मिलेगा। एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 3000 रू, द्वितीय पुरस्कार 2000, तृतीय पुरस्कार 1000 रू. और टॉप 5 प्रतिभागियों को 500 रुपए का पुरस्कार दिया जायेगा।

### बालोदगहन में भागवत ज्ञानयज्ञ आज से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम बालोदगहन में ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन दुर्गा मंदिर चौक में 24 जनवरी से 1 फरवरी तक किया गया है। प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 1:30 से शाम 6 बजे तक चलेगा। प्रवचनकर्ता बालविदुषी देवी भूमिका होंगी तथा परायणकर्ता पंडित त्रिभुवन महाराज होंगे। कथा का शुभारंभ 24 जनवरी को कलश यात्रा, देव स्थापना, वेदीपूजा एवं गौकर्ण कथा के साथ होगा। 25 को सुखदेव जन्म, परीक्षित जन्म, 26 को ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 27 को वामन अवतार, 28 को राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथा होगी। 29 को श्रीकृष्ण बाललीला, पुतना वध, 30 को रूक्मणी मंगल, 31 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा एवं 1 फरवरी को गीता हवन पश्चात शोभायात्रा निकलेगी।

धान की लिमिट या तारीख बढ़ाने की मांग उठी

# समर्थन मूल्य पर धान बेचने से कई किसान होंगे वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धान खरीदी की अंतिम तिथि तक सोसाइटियों में धान खरीदना अब मुश्किल नजर आ रहा है। ऐसे में साख समितियों तथा किसानों की टेंशन बढ़ गई है। मंगलवार को समिति तथा किसानों ने कलेक्टर जनदर्शन में अपनी समस्या बताते हुए धान खरीदी की लिमिट या तारीख बढ़ाने की मांग की है।

कृषि ससख सहकारी समिति जीजामगांव के प्रभारी प्रबंधक सहित किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि बारिश, धान खरीदी की लिमिट तथा शासकीय अवकाश के कारण 31 जनवरी तक धान की खरीदी नहीं हो पाएगी। वर्तमान में प्रतिदिन धान की खरीदी 1578 क्विं. की जानी है। अभी तक 53212.80 क्विं. धान की खरीदी हो पाई है। 8658 क्विं. धान का टोकन कटा हुआ है जिसमें समिति की अनुमानित खरीदी 71295.147 क्विं. होगी। शेष 9424.347 क्विं. धान की खरीदी 31 जनवरी तक होना संभव नहीं है। किसानों के हित में धान खरीदी की लिमिट या धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग की गई है।

मौके पर किसान ताराचंद पटेल, भाउराम, पारथराम, गौकरण साहू, शिवकुमार साहू, विनोद साहू, गरीबाराम, होरीलाल, रेशमलाल, टेकराम, प्रभुराम, नूतन साहू, तोरण साहू, रविशंकर साहू आदि मौजूद थे।



### किसान की मौत, धान बेचने भटक रहा वारिस

मगरलोड के ग्राम छिपली निवासी किशोर साहू ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि पिताजी के खाते में 30 नवंबर को एक बार धान बेचा था। 1 दिसंबर 2023 को पिताजी का स्वर्गवास हो गया। पंजीयन सहित आवश्यक दस्तावेज 20 दिसंबर को करेलीछोटी उपार्जन केंद्र में जमा किया है। पखवाड़ा बीत जाने के बाद अब तक पंजीयन नहीं हो पाया है। कम्प्यूटर आपरेटर कृषि विभाग में पता लगाने को कहता है। धान खरीदी का समय कुछ ही दिन शेष है। उसे धान नहीं बेच पाने की चिंता सता रही है। धान का विक्रय नहीं हो पाने से आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने कलेक्टर से तत्काल पंजीयन करवाने की मांग की है।

### धान की खरीदी 31 जनवरी तक

ग्राम कंडेल के किसान राधेश्याम साहू, छबिलाल ने कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में कहा है कि शासन के आदेशानुसार धान खरीदी की अवधि 31 जनवरी तक है। धान उपार्जन केंद्र में लिमिट कम होने के कारण समयावधि में सभी किसानों के धान की खरीदी नहीं हो पायेगी। उन्होंने खरीदी की तारीख बढ़ाने तथा लिमिट बढ़ाने की मांग की है।

# लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू

- 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, मार्च-अप्रैल में मतदान होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। संभावना है कि मार्च के अंतिम सप्ताह या अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में मतदान होगा। अप्रैल-मई तक रिजल्ट भी आएंगे। निर्वाचन कार्यालय में इसकी तैयारी शुरू हो गई है। खास बात यह है कि इस चुनाव में विधानसभा चुनाव से करीब 10 हजार मतदाता अधिक होंगे।

विधानसभा चुनाव निबटने और सरकार गठन के बाद अब लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। निर्वाचन कार्यालय में विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद ही इसकी शुरूआत कर दी गई थी। 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम काटने-जोड़ने के लिए आवेदन लिए गए। अब स्क्रूटनी के बाद इसे नाम जोड़ने के आदेश के लिए अधिकारियों के पास पेश किया जाएगा। आदेश होने के बाद 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 15 दिन के भीतर आचार संहिता लगने की उम्मीद की जा रही है। इसी के साथ चुनाव प्रचार भी जोर-शोर से शुरू हो जाएगा।



फाइल फोटो

### बढ़ेंगे मतदाता

विधानसभा चुनाव की अपेक्षा लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या ज्यादा होगी। जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के वक्त जिले में 6 लाख 22 हजार मतदाता थे। लोकसभा चुनाव के लिए 6 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया, जिसमें 723 बढ़ी थी। इसमें धमतरी में 2 लाख 20 हजार 406, कुरूद में 2 लाख 8 हजार 852 और सिहावा विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 93 हजार 465 मतदाता थे। इस सूची में जिले में कुल मतदाता 6 लाख 22 हजार 723 हो चुके हैं। इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। उम्मीद है कि अंतिम प्रकाशन में करीब 10 हजार मतदाता बढ़ेंगे।

### मतदान केंद्र जस के तस

हर साल लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाती थी। इस साल ऐसा नहीं हुआ। मतदान केंद्र बढ़ाने के लिए गांवों से प्रस्ताव तो आए थे लेकिन निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्र को बढ़ाने से इंकार कर दिया है। विधानसभा चुनाव में जिले में 753 मतदान केंद्र थे। लोकसभा चुनाव में भी इतने ही मतदान केंद्र होंगे। उल्लेखनीय है कि पिछला लोकसभा चुनाव प्रदेश में तीन चरणों में हुआ था। इस बार दो चरणों में चुनाव होने की संभावना है। धमतरी में दूसरे चरण में मतदान हो सकता है।

# सरकार बदलने के बाद भी रेत खदानों में मची है लूट

- निर्धारित दर से चार गुना ज्यादा लोडिंग चार्ज, 50 रुपये घनमीटर की रायल्टी 300 रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की रेत खदानों में लूट मची हुई है। निर्धारित दर से 4 गुना अधिक दाम में हाइवा की लोडिंग की जा रही है। मंगलवार को कुरूद हाइवा परिवहन संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निर्धारित दर पर लोडिंग तथा रायल्टी दिलाने की मांग की है।

सरकार बदलने के बाद भी रेत खदानों में रेत का काला कारोबार बेधड़क जारी है। कुरूद हाइवा परिवहन संघ के अध्यक्ष नवीन चंद्राकर सहित शैलेंद्रकुमार, बाबूलाल साहू, विक्रम बंजारे, अजयसिंह राजपूत, केदार साहू आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि शासन ने रेत खदानों की नीलामी की है। कुरूद क्षेत्र में बारना तथा सोनेवारा रेत खदान संचालित है। ठेकेदारों ने निर्धारित दर 115 रुपए प्रति घन मीटर में रेत लोडिंग का टेंडर लिया है। लेकिन खदान संचालक द्वारा 450 रुपये घनमीटर में लोडिंग की जा रही है। इससे उपभोक्ताओं को रेत की भारी कीमत चुकानी रही है। वहीं 50 रूपये घनमीटर की रायल्टी 300 रूपये में दी जा रही है। खदानों में रेत लोडिंग का काम दिन-रात जारी है। संघ ने कलेक्टर से रेत खदान में निर्धारित दर पर लोडिंग तथा रायल्टी दिलाने तथा सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक रेत लोडिंग करने ठेकेदार को निर्देशित करने की मांग की है।



### डोमा में 29 को होगी मड़ई, नाचा भी होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम डोमा में 29जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए खोरवा कुबरा नाच पार्टी सुवरबोड़ बालोद का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम होगा। यह जानकारी योगेश कुमार महमल्ला ने दी है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

# ट्रक-बाइक में भिड़ंत, मेडिकल संचालक की मौत

- नेशनल हाईवे में कुरुद के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

राष्ट्रीय राजमार्ग में कुरुद के पास बाइक और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस घटना में बाइक सवार मेडिकल संचालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बगौद निवासी आकाश कुमार पटेल पिता नोहरसिंग पटेल 37 साल कुरुद में मारुति मेडिकल स्टोर्स का संचालक था। वह सोमवार को अपरान्ह करीब तीन बजे अपनी बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 सी 3872 में सवार होकर भाठागांव से कुरुद की ओर आ रहा था तभी नेशनल हाईवे में बाईपास रोड क्रासिंग के पास धमतरी की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनटी 0 115 के साथ आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिससे आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अस्पताल मेमो के आधार पर मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मंगलवार की सुबह आकाश पटेल का अंतिम संस्कार किया गया। ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।




सर्दी-खांसी के दिखने लगे लक्षण

# बदलते मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। जिला अस्पताल में सर्दी खांसी से पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।

पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है। बीते पांच दिनों से बादल छाये हुए हैं जिसके कारण तापमान में भी गिरावट हुई है। मौसम के इस उतार चढ़ाव के कारण कभी गर्मी, कभी ठंड का अहसास होता है। वहीं प्रदेश में कहीं-कहीं बारिश भी हुई। अंचल में बीते शनिवार की रात्रि बारिश हुई। वहीं मंगलवार को राजधानी व कवर्धा क्षेत्र में बारिश हुई है जिसका सीधा असर जिले के मौसम पर देखा जा रहा है। बादल व असमय वर्षा के कारण तापमान में गिरावट का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। जिला अस्पताल में इन दिनों मौसम में उतार- चढ़ाव के कारण सर्दी-खांसी व बुखार के मरीजों का उपचार के लिए पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया है। मंगलवार को जिला अस्पताल में सर्दी, खांसी, बुखार, कमर दर्द, सिर दर्द, एनीमिया, हड्डीरोग, बवासीर, नसबंदी, नाक, कान, गला, चर्मरोग, नेत्ररोग, माहवारी समस्या, बीपी शुगर, हाथ पैर में दर्द सहित सामान्य बीमारियों के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल में पहले शिफ्ट की ओपीडी 360 रही है।




### मौसम नहीं सुधरने पर बढ़ेंगे मरीज

मेडिसीन स्पेशलिस्ट डा. संजय वानखेड़े ने बताया कि खराब मौसम का लोगों की सेहत पर अभी ज्यादा असर नहीं पड़ा है। फिर भी सर्दी खांसी के मरीज उपचार के लिए पहुंचने लगे हैं। मौसम खराब रहने का सिलसिला ज्यादा समय तक बना रहा तो इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा।



## खबर संक्षेप



### अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**मगरलोड।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने अवैध शराब, जुआ सट्टा, अवैध कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एएसपी मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन व एसडीओपी कुरूद केके वाजपेयी नेतृत्व में मगरलोड पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पवन कुमार महानंद पिता स्व. राजेन्द्र महानंद उम्र 24 वर्ष ग्राम चारभाठा के पास से 35 नग मसाला पौवा जब्त की है। यशवंत कुमार कमार पिता बिसंभर कमार उम्र 41 वर्ष ग्राम मारागांव के पास से 4.5 लीटर महुआ शराब और काजुराम कमार पिता शिव कमार उम्र 30 वर्ष ग्राम मारागांव के पास से 4 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

### नवागांव (थुहा) में 30 को मड़ई

**सिर्री।** ग्राम नवागांव (थुहा) में ग्रामवासियों और ग्राम युवा एकता संगठन के तत्वावधान में 30 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए भूपेंद्र साहू कृत रंग सरोवर लोक कला मंच बारूका (गरियाबंद) की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी मनीष साहू सरपंच प्रतिनिधि ने दी है।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। चर्म रोग दाद, खाज, बेमची, वातरोग सायटिका, बावासीर, पथरी रोगी
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टार्स के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

लगभग डेढ़ सौ साल पुरानी मान्यता के मंदिर में कल लगेगा मेला

# गड़भेड़ा मंदिर में माथा टेकने पहुचेंगे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

स्वच्छ निर्मल जल से आच्छादित उतंग टीला बरबस लोगों का मन मोह लेता है। मन्दिर चारों तरफ प्राकृतिक छटा से बिखरा और पानी से घिरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस तालाब का पानी कभी नहीं सूखता। प्रतिवर्ष कमल की नई पंखुड़ियां खिलते हुए देखी जा सकती है। गड़भेड़ा बाबा का मेला पौष माह की छेरछेरा पूर्णिमा पर 25 जनवरी गुरुवार को लगेगा। समीपस्थ एवं दूर दराज से भी श्रद्धालु अपनी मन्नत मांगने बाबा के द्वार तक पहुंचते हैं। छेरछेरा पूर्णिमा एवं दीपावली में प्रत्येक घर से इस मंदिर में दीप जलाने भक्तों की भीड़ पहुंचती है।

गड़भेड़ा बाबा का मठ मंदिर रायपुर- धमतरी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 कोड़ेबोड़ एवं बिरेझर से 5 किमी पूर्व दिशा ग्राम सिर्री में स्थित है। किंवदंती है कि लगभग डेढ़ सौ साल पहले ग्राम सिर्री में साधु आया। वह कहां से आया, किसी को पता नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के बाहर पश्चिम दिशा में एक स्थान पर बाबा साधना में लीन थे। कुछ दिन बाद वे गायब हो गए। उस स्थान पर बाबा का कुछ सामान एवं मठनुमा मिट्टी का ढेर पाया गया। तब से लोग वहां मंदिर बनाकर उन्हें गड़भेड़ा बाबा के नाम से पूजने लगे। मन्दिर स्थल पर कई दशक पुराने बहेरा के दो वृक्ष आज भी मौजूद हैं।



### मेले की तैयारी पूर्ण

गड़भेड़ा बाबा विकास समिति के अध्यक्ष खिलेश साहू ने बताया कि मेले की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। रात्रिकालीन कार्यक्रम को खास बनाने 25 जनवरी की रात में भूले बिसरे छतीसगढ़ी नाचा पार्टी मोंगरापाली खरीहार रोड की प्रस्तुति होगी।

### तालाब के टापू पर विराजित हैं आराध्य देव

बाबा का मंदिर गांव के बाहर तालाब के टापू पर निर्मित है। ग्रामीणों के मुताबिक गड़भेड़ा तालाब का पानी कभी नहीं सूखता है। ग्रामीणों का कहना है कि बाबा की पूजा करने से फल अवश्य मिलता है।

### अखंड रामायण के साथ होता है विशेष यज्ञ हवन

छेरछेरा पूर्णिमा पर लगने वाले मेले में गड़भेड़ा बाबा मंदिर परिसर की सफाई की गई। आयोजन में गड़भेड़ा बाबा विकास समिति के सदस्यों सहित ग्रामीणों की अहम भूमिका रहती है। मेले के पहले दिन 24 जनवरी की संध्या 4 बजे अखंड रामायण का पाठ 24 घंटे किया जायेगा जो 25 जनवरी की संध्या 5 बजे हवन पूजन के साथ समाप्त होगा।

### बुजुर्गों की सालों पुरानी मान्यता

ग्रामीण राजकुमार ध्रुवंशी 73 वर्ष, मोहन घिवरिया शिक्षक 74 वर्ष, विष्णु देवांगन 70 वर्ष, नंदूराम ध्रुवंशी 55 वर्ष सहित अन्य बुजुर्गों का कहना है कि बाबा के मंदिर परिसर में मौजूद बहेरा के वृक्षों को बुजुर्गों द्वारा जिस स्थिति में देखा गया था, वह आज भी ज्यों का त्यों है। बुजुर्गों का कहना है कि उनके पिता, दादा के माध्यम से जानकारी मिली कि बाबा सफेद घोड़े पर सवार होकर घुंघरू की आवाज के साथ भ्रमण करते थे तब से उस गांव को ऋषिग्राम कहा गया है। बाबा गांव के आराध्य देव हैं। इनकी पूजा कल्याणकारी है।

# समाज के विकास के लिए युवा आगे आएं : अजय

- बगौद में निषाद समाज ने मनाई निषादराज गुहा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

नौ पाली निषाद समाज बगौद द्वारा राम भक्त गुहा जयंती का आयोजन ग्राम बगौद में किया गया। सुबह 10 बजे पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई। अनेक महिलाओं ने कलश लेकर पूरे गांव की गलियों का भ्रमण किया। तत्पश्चात जय मां चंडी मानस परिवार बगौद की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक थे। अध्यक्षता मीनाक्षी लीला साहू सरपंच ने की।





विशेष अतिथि लिकेश निषाद, हन्नूराम निषाद, ब्रम्हकुमार निषाद, चिंताराम निषाद, पीलाराम ध्रुव, हीराराम साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, कुमार निषाद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में निषादराज केंवट और प्रभु श्रीराम की महिमा को बताया। उन्होंने समाज के विकास के लिए युवाओं को आगे आने की बात कही।

कार्यक्रम में निषाद समाज अध्यक्ष लिकेश कुमार निषाद, ओमप्रकाश निषाद, नूतन कुमार निषाद, अक्तुराम निषाद, डोमार सिंह निषाद, हन्नु राम निषाद, अनिल कुमार निषाद, रोहित निषाद, नूतन निषाद, सुकालुराम निषाद, अनुज राम निषाद, बसंती, अहिल्या, सावित्री, परमेश्वरी, संजना, ललिता, मोंगरा, पूर्णिमा, उर्वशी, उर्मिला, गायत्री, अनीता, रूपौतिन, गौरी, गुनेश्वरी, सरस्वती, लक्ष्मी, सती बाई, सुमित्रा, दिनेश्वरी समेत बड़ी संख्या में निषाद समाज एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# लेंडलाइन फोन नहीं फिर भी अपात्र, कई हितग्राही पीएम आवास से वंचित

- अरौद के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सुनाया दुखड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा के घोषणा पत्र में सभी पात्र हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास देने मोदी की गारंटी से लोगों में विश्वास बढ़ा है। चुनाव संपन्न होने के बाद प्रधानमंत्री आवास की सूची जारी होने पर पात्र हितग्राहियों को अपात्र की श्रेणी में आने से गांव में हलचल मच गई है। ग्राम अरौद से सैकड़ों ग्रामीणों ने 23 जनवरी को कलेक्टर कार्यालय में जमकर हल्ला बोला। जनपद पंचायत मगरलोड कार्यालय में अरौदवासी मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मिलने पहुंचे थे। जनपद पंचायत की आवास शाखा से प्राप्त सूची के अनुसार ग्राम अरौद के 172 गरीब पात्र हितग्राही के घर लेंडलाइन फोन होने की लिखावट के कारण उन्हें अपात्र की श्रेणी में लिया गया है। वास्तविकता यह है कि किसी गरीब के घर में लेंडलाइन फोन नहीं है। रामा साहू, बलराम साहू, ईश्वर यादव, राजकुमार साहू, बसंत साहू, यमुना बाई, गीता बाई, संतोषी, रश्मि, सरस्वती नागरची, टिकेश्वरी यादव, भगवती यादव, निर्मला साहू, निशी, ग्वालिन यादव, फुलेश्वरी यादव, सुनीता पांडे, केकती ने जांचकर सभी पात्र हितग्राही का नाम आवास सूची में पात्रता श्रेणी में रखने शासन प्रशासन से मांग की है।



### प्राण-प्रतिष्ठा पर फोड़े पटाखे, दीप जलाए



**कोर्रा(भखारा)।** भखारा कोर्रा अंतर्गत आने वाले ग्राम डोमा में अयोध्या की तर्ज पर लोकेश साहू, मनजीत साहू के यहां श्री रामलला विराजमान हुए। ज्योतिष आचार्य पंडित सुनील तिवारी ने भगवान श्री राम, लक्ष्मण सीता और हनुमान के विग्रह की मंत्रोच्चार द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की गई। ग्राम डोमा में डीजे, बाजे गाजे के साथ श्रीराम लाल की भव्य झांकी निकाली गई। लोग नाचते हुए भगवान राम की भक्ति में मग्न थे। कार्यक्रम में लोकेश साहू, मनजीत साहू, रोशन कुमार साहू, तुलेश्वरी साहू, तीज बाई, विनीता साहू, धमेश्वरी साहू जयप्रकाश, मोतीलाल नागरची, लीला राम साहू, संतराम साहू, श्यामलाल विश्वकर्मा, तुलाराम साहू, बृजभान साहू, प्रशांत कुमार साहू, फुलेश्वर साहू उपस्थित थे। गांव गांव में महिलाओं, पुरुषों ने अपने घर के सामने दीपावली की तरह दीप प्रज्ज्वलित किए। मंदिरों, रंगमंच में भजन कीर्तन, कथा का आयोजन किया गया।

## अंचल की खबरें

### रावनगुड़ा में निकली कलश यात्रा



**सिर्री।** ग्राम रावनगुड़ा में ग्रामीणों के सहयोग से अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम के जयकारों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इसमें महिलाएं भी काफी उत्साह के साथ शामिल हुईं। भ्रमण पश्चात भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की गई। शाम को ग्रामीणों ने दीप जलाकर श्रीराम की प्राण- प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया।

### प्राण-प्रतिष्ठा का पर्व हर्षोल्लास से मना



**जीजामगांव।** ग्राम जरवायडीह में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का पर्व पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। गांव के हर घर में श्रीराम का झंडा लगाया गया। महिलाओं और यादव भाइयों ने बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। बच्चों के लिए कलश सजावट और रंगोली प्रतियोगिता रखी गई। संध्या में जय बजरंग मानस मंडली और जय दुर्गे मानस मंडली का रामायण कार्यक्रम हुआ। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### राजपुर में शिवलिंग स्थापना के लिए भूमिपूजन



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम विकास समिति द्वारा तिरंगा चौक आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक दो के पास गांव प्रमुखों द्वारा चयनित जगह पर शिवलिंग स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्रामीण सचिव चंद्रहास ध्रुव, कन्हैया निषाद, विजय यदु, पूनमचंद सिन्हा, जानू सिन्हा, पुरुषोत्तम सिन्हा, कल्याण कंवर, ओमप्रकाश निषाद, राधेश्याम यदु, चोवा कंवर, कुलेश्वर सिन्हा, टिकेश यादव, भुनेश्वर साहू, पंडित मुकेश प्रसाद दुबे उपस्थित थे।

### बगदेही में श्रीराम की झांकी निकाली



**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम बागदेही में सोमवार को धूमधाम से श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया। बजरंग चौक से श्रीराम की भव्य झांकी निकाली गई। श्रीराम के जयकारे डीजे के साथ कलशयात्रा निकली। देवालयों में दिनभर विशेष पूजा-अर्चना हुई। श्रद्धा और उल्लास के साथ पूरा गांव भक्तिमय रहा। ग्रामीणों ने दीप जलाकर श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाया। इस दौरान निराला साहू, डॉ. दिनेश साहू, नोहर साहू, हरिश्चंद्र साहू, कामता साहू प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, झम्मन साहू, राजेंद्र साहू, बीरेंद्र साहू, संतोष निर्मलकर, निरंजन साहू, पोषण निर्मलकर, मोनू निर्मलकर, शैलेष साहू, भीखम साहू, सन्नी साहू, दीपक यादव, चमन यादव, धरम साहू, हेमंत साहू, डेमन साहू, महेंद्र साहू, ओम सुल्लेरे, इशेंद्र साहू, बबलू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### नवीन मतदाता पंजीयन के लिए कालेज में लगा शिविर



**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्रभारी प्राचार्य प्रो. आरआर मेहरा के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. मोहित कुमार के निर्देशन में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मतदाता जागरुकता अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों का फार्म 06 भरा गया एवं केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित फ्लैगशिप प्रोग्राम स्वीप के उद्देश्यों को साझा किया। शिविर में विद्यार्थियों को नवीन मतदाता पंजीयन हेतु फार्म 06 की जानकारी, आनलाइन पंजीयन एवं वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में प्रो. लालमन बेरवंश का विशेष योगदान रहा।

# बाल मेले में रखी मृत सागर, कुएं का पानी, भूतहा नल की प्रदर्शनी

- छात्रों ने फल, डेली नीड्स के सामान, कपड़ा बाजार, सब्जी बाजार का लगाया स्टॉल
- बोड़रा स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बोड़रा में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हुआ। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि देवेश कुमार सूर्यवंशी डीएमसी थे। अध्यक्षता नंदकिशोर पुजारी शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष माध्यमिक शाला बोड़रा ने की। विशिष्ट अतिथि पेंशनर समाज के अध्यक्ष तथा सेनि प्राचार्य एपी बनपेला, डाइट नगरी के प्राचार्य कंजन सिंह ध्रुव, संकुल प्राचार्य नीरज सोन, मुरलीधर, अनिल बाधवानी, कुंजबिहारी साहू, मिश्रीलाल जैन थे। बाल मेला में मृत सागर, कुएं का पानी, पर्यावरण संरक्षण, जादुई कोण, भूतहा नल की प्रदर्शनी रखी गई जो आकर्षण का केंद्र रही। विज्ञान शिक्षक गोविंद राम निषाद ने विज्ञान के चमत्कार दिखाए। छात्र-छात्राओं द्वारा सेब, अनार, अंगूर, संतरा, ड्राई फ्रूट, काजू, किसमिस, बादाम, अंजीर तथा डेली नीड्स के सामान, कपड़ा बाजार, सब्जी बाजार, होटल, गुपचुप , मनियारी आदि का स्टॉल लगाया गया था। मौके पर ईश्वरी प्रसाद सिंह तथा कुरूद , मगरलोड व धमतरी विकासखंड के ब्लॉक स्त्रोत समन्वय उपस्थित थे। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस वर्ष 2022-23 में नवनियुक्त 11 कर्मचारियों का सम्मान , आजीवन नशा से दूर रहने वाले वयोवृद्ध का सम्मान, जीवन में सबसे शांत रहने वाले व्यक्ति का सम्मान तथा गांव में सास- बहू के रूप में आदर्श स्थापित करने वाले सास बहू का सम्मान किया गया। समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती नरेंद्री ध्रुव सरपंच बोड़रा थीं। अध्यक्षता पन्नालाल समुद उपसरपंच ने की। विशेष अतिथि प्राथमिक शाला प्रबंधन विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती कमलेश कश्यप, दशरथ लाल साहू, अशोक कुमार कश्यप, ईश्वर सिंह पुजारी, घुराऊ राम यादव, शिव कुमार साहू, कृष्ण कुमार कश्यप थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती गौरी साहू व भूपेश कुमार बनपेला ने किया।

कार्यक्रम में प्राथमिक शाला से श्रीमती अल्का नाग, श्रीमती पद्मावती ध्रुव व माध्यमिक शाला से विकास कुमार कश्यप, सुमन समुंद, मनई कश्यप व संकुल केंद्र फरसियां के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं ग्रामवासियों ने सहयोग प्रदान किया।



## जीजामगांव में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन

# भक्ति निर्मल भाव से हो तो जीवन सुधर जाएगा : हलधरनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

शिव शक्ति सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव में सात दिवसीय भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। कथा के अंतिम दिवस शिव गीता की कथा बताते हुए कथावाचक हलधर नाथ जोगी कोपरा वाले ने कहा कि आप लोगों ने 7 दिनों तक भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर पूजा की है, उसका फल आपको मिलेगा। जीव का समर्थ नहीं है जो भगवान की आराधना कर सके भगवान जब तक नहीं चाहेंगे तब तक। किसी का अहित नहीं करना चाहिए, इससे दोष होता है। गृहस्थ में रहकर काम करने के बाद समय निकालकर अगर आपने भक्ति की तो उससे भगवान राजी हो जाते हैं। आत्मा रूपी परमात्मा की पूजा करने से फल की प्राप्ति होगी। भक्ति निर्मल भाव से हो तो जीवन सुधर जाएगा। गीता की कथा सुनाते हुए आगे कहा कि भगवान जहां है, वहां धर्म ही होगा। महाराज हलधरनाथ योगी ने गीता पाठ की विस्तारपूर्वक कथा सुनाई। अंत में पार्थिव शिवलिंग का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में शिव शक्ति सेवा समिति तथा ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।





Pride of Dhamtari
आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं पेट, लीवर से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
25 जनवरी 2024 गुरूवार
डॉ अरुण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
27 जनवरी 2024 शनिवार
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## अंचल की खबरें

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर छाया उत्साह



**अंवरी।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अंवरी में उत्साह का माहौल रहा। यहां जगह-जगह पूजा-अर्चना की गई। बाजार चौक स्थित मंदिर में उत्साह के साथ पूजा-पाठ, भजन गायन के कार्यक्रम हुए। महामाया मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर ग्रामवासी उपस्थित थे।

### छाती में महाप्रसादी का वितरण



**पुरी।** आयोध्या में प्रभु रामचन्द्र की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम छाती के बस स्टैण्ड में श्रीराम चन्द्र की पूजा-अर्चना कर भक्तों और ग्रामवासियों को महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मण्डल महामंत्री बल्ला चंद्राकर, विजय धीवर, महेन्द सेन, घना चन्द्राकर, अमन चन्द्राकर, कुलदीप सेन, रोहित साहू, कुंवर सिंग साहू, विरेंद्र ध्रुव, शेखर चन्द्राकर, मोंटू सेन, फिरता चन्द्राकर, नंदू, पंकज चन्द्राकर, पूरण कंवर, दुर्गेश बघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्राण-प्रतिष्ठा पर जिला जेल के बंदियों ने की पूजा-अर्चना



**धमतरी।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिला जेल धमतरी के परिरूद्ध बंदियों ने जेल के अंदर पूजा-अर्चना की व सुन्दर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया। सहायक जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल में बंदियों को प्रसाद के रूप में मिठाई और फल वितरित किया गया। इस अवसर पर जेल के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, फार्मासिस्ट उपस्थित थे।

### प्रेमप्रकाश आश्रम के भक्तों ने बनाई आकर्षक रंगोली



**धमतरी।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी प्रेमप्रकाश आश्रम में भी मनाई गई। गुरु दरबार में आश्रम के गुरु भक्तों ने ऐसी अद्भुत रंगोली उकेरी जो देखते ही मन राम भक्तिमय होकर उमंग से झूम उठता है।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए संकेत का सम्मान



**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम में संकेत कुमार साहू का सम्मान हुआ। गौरतलब है कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक सत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों हेतु उनका सम्मान किया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक संकेत कुमार साहू का सम्मान पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. राजीव चौधरी एवं प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। उल्लेखनीय है कि संकेत कुमार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता प्रदान करते रहते हैं। उन्होंने बीते विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

### कलशयात्रा निकालकर बांटा महाप्रसादी



**जीजामगांव।** अयोध्या में हुई श्रीराम की प्राण- प्रतिष्ठा पर ग्राम मुरा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महिला समूह ने कलश यात्रा में भाग लिया। महाप्रसादी का वितरण किया। इस कार्यक्रम में कुंजबिहारी साहू बजरंग दल संयोजक, जानकी भीषम सरपंच, बेनीराम, दुलारू, नागेश्वर, भोज, डीहू, डाहू, रामेश्वर, रामकुमार, राकेश साहू, रूपेंद्र, सन्त, योगेश, टुमन, शंकर, बरातू, शत्रुहन, जीवन, सोमन, संजय, होरी, पंचू, अंगद, सुरेश, तमेश्वर, टोमेन्द्र, महेंद्र, तुलेश, टकेश, हरीश, ओंकार का सहयोग रहा।

### बागतराई में रामलला उत्सव पर निकली शोभायात्रा



**कोर्रा(भखारा)।** बागतराई में राम लला उत्सव पर कलश शोभायात्रा निकाली गई। रामलला की झांकी में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रीराम के जयघोष से गांव का माहौल राममय हो गया। शिवमिलन मानस मंडली बागतराई के सदस्यों सेवक साहू, दिलीप साहू, चन्द्रहास सार्वा, अजय साहू, श्यामकुमार ध्रुव, उदय सेन ने हनुमान चालीसा, सुन्दरकांड का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश साहू ने किया।

गरीब, मजदूरों को सस्ते में भोजन उपलब्ध कराने 4 स्थानों पर संचालित थे केंद्र

# दाल भात केंद्रों को खोलने की सुगबुगाहट




फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में बंद पड़े दालभात केंद्र एक बार फिर खुलेंगे। इन दालभात केंद्रों में मजदूर व गरीब परिवार के लोगों को 5 रुपए में भरपेट भोजन मिलेगा। कई केंद्र में सब्जी की व्यवस्था भी रहेगी लेकिन इसके लिए अलग से चार्ज लिया जाएगा।

पांच साल पहले जिले में 4 जगहों पर दालभात केंद्र चल रहे थे। सरकार बदलते ही इन दालभात केंद्र को बंद कर दिया गया। इससे गरीबों को सस्ते में मिलने वाला भोजन भी बंद हो गया। अब फिर से सरकार बदल गई है। इसके साथ ही बंद पड़े दालभात केंद्र को फिर से खोलने की कवायद शुरू हो गई है। भले ही इसके लिए अधिकृत रूप से कोई निर्देश नहीं आया है लेकिन दालभात सेंटर के संचालन की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इन दाल भात केंद्रों में मजदूर व गरीब परिवार के लोगों को 5 रुपए में दाल-भात दिया जाता था। केंद्रों के बंद होने से मजदूरों को दोपहर का भोजन महंगे में करना पड़ रहा है।

#### यहां संचालित थे केंद्र

धमतरी में दो स्थानों पर दालभात केंद्र चल रहे थे। इसी प्रकार कुरूद और मगरलोड में एक-एक स्थान पर दालभात केंद्र खोला गया था। उल्लेखनीय है कि अधिकांश मजदूर दिनभर मजदूरी करने के लिए घर से बाहर रहते हैं। कई बार उन्हें दोपहर का भोजन नहीं मिलता है। मिलता भी है तो महंगे में। दालभात केंद्र का उद्देश्य इन्हीं श्रमवीर सहित अन्य गरीबों को भरपेट भोजन मुहैया कराना था। ये सभी केंद्र ऐसे स्थानों पर थे, जहां पर मजदूर आसानी से पहुंच सकते हैं।

#### सरकार से मिलता था चावल

दालभात केंद्रों को सरकार से चावल दिया जाता था। दाल का खर्च केंद्र संचालित करने वाले लोग या समूह उठाता था। केंद्र का संचालन सेवा करने के उद्देश्य से होता था। केंद्रों में लाभ नहीं था। इसके बाद भी केंद्र का संचालन हो रहा था। कुछ केंद्रों में सब्जियों की सुविधा भी थी लेकिन इसके लिए कस्टमर से अलग से चार्ज लिया जाता था।

#### नहीं मिला है निर्देश

जिले में चार जगह दालभात केंद्र संचालित थे, जो बंद हैं। शासन से इन केंद्रों को खोलने के लिए कोई निर्देश नहीं मिला है।

- नरेश पिपरे, *खाद्य निरीक्षक*

## राम की भक्ति में डूबा रहा ढीमरटिकुर नवागांव



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा होते ही ग्राम ढीमरटिकुर नवागांव भक्ति में डूबा रहा। सभी सनातनियों ने सुबह स्नान ध्यान करने के बाद प्राचीन श्रीराम मंदिर, शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की और भगवान से सुख समृद्धि की कामना की। पंडित मगेंद्र शर्मा ने बताया कि सोमवार को दिनभर गांव व शहर में चारों ओर राम की धुन सुनाई पड़ रही थी जिससे गांव का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो उठा था। गांव के सभी मंदिरों में राम कथा, सुंदरकांठ, रामायण, हनुमान चालीसा, हवन का दौर चला। प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर गांव के सभी मंदिर को आकर्षक लाइट, फूलमाला से सजाया गया था। मंदिरों को भगवा ध्वज से सजाया गया था।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 को

**धमतरी।** आगामी 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के मद्देनजर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 19 से 24 जनवरी तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई जा रही है।

## मेटाडोर और ट्रेक्टर में हुई भिड़ंत, चालक गंभीर





**सिर्री।** बिरेझर थानांतर्गत ग्राम गोजी के मेन रोड में 23 जनवरी मंगलवार को लगभग दोपहर 2 बजे आयशर ट्रेक्टर और मेटाडोर में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। घटना इतनी जबरदस्त थी कि मेटाडोर के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए और ट्राली पलट गई। इस दुर्घटना में 2 लोगों को गंभीर चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नारी की तरफ से रेत भरकर गोजी की तरफ जा रही आयशर ट्रेक्टर की ट्राली से विपरीत दिशा में आ रही मेटाडोर गाड़ी नंबर सीजी 04 जेबी 8362 से जबरदस्त टक्कर हो गई। बिरेझर पुलिस ने बताया कि दोनों चालकों को गंभीर चोट आई है। उन्हें राजिम के अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने तक पहुंच रही : मालकराम



- मोंगरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कुरूद विकासखंड के ग्राम मोंगरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मालकराम साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। यह गाड़ी युवाओं और महिला शक्ति दोनों को ही सशक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है, जिसका लाभ लोग पात्रता के आधार पर उठा रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि कृष्णकांत साहू ने विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन, उज्ज्वला योजना समेत कई अन्य लाभकारी योजनाओं का लाभ दे रही है। इस अवसर पर कार्तिकराम साहू, मनहरण साहू, यामिनी साहू सरपंच, श्रीमती कुमारी साहू, ब्लाक स्तर के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हुआ समूचा अंचल





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिर्री सहित समूचा क्षेत्र अयोध्या में बने श्रीराम मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भगवान के जयकारों के साथ राममय हो गया। सिर्री के श्रीराम युवा संगठन और ग्रामीणों के सहयोग से सोमवार को बाजार चौक स्थित श्रीराम मंदिर में विशेष हवन- पूजन के साथ शस्त्रों की पूजा की गई। भगवान श्रीराम के गुंजायमान जयकारों के साथ भगवा वस्त्र, शस्त्र और ध्वज धारण कर कलश यात्रा और झांकी सहित शोभायात्रा निकाली गई। दोपहर 2 बजे बाजार चौक के राम मंदिर से कलश यात्रा निकली जो पूरे गांव का भ्रमण कर वापस पहुंची। भगवान श्रीराम की प्रतिमा को सजाकर और बच्चों को श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की वेशभूषा में शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में यादव भाइयों ने दोहा लगाते राउत नाचा की प्रस्तुति दी। सतनामी समाज द्वारा पंथी नृत्य की वेषभूषा धारण कर प्रस्तुति दी गई जिसे देखने लोगों की भीड़ उमड़ी। बजरंग अखाड़ा के युवाओं ने अखाड़ा का प्रदर्शन किया। उनकी कलाबाजी देख दर्शकों ने दांतों तले उंगली दबवा ली।

पीछे चल रहे आदिवासी गोंड़ समाज की युवतियों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा धारण कर आदिवासी गीतों पर नृत्य कर सामाजिक सुंदरता और संस्कृति की छाप छोड़ी। विभिन्न सामाजिक संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए शोभायात्रा संपन्न हुई। शाम को लोगों ने घरों में पूजा कर दीपोत्सव मनाया। घर -घर दीप जलाकर और पटाखे फोड़कर अपनी खुशी व्यक्त की। रात्रि में शरद अग्रवाल रंग सरगम ग्रुप ने श्रीराम भजनों पर अदभुत प्रस्तुति दी। मेरे झोपड़ी के भाग आज खुल जायेंगे राम आयेंगे जैसे गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को थिरकने को मजबूर कर दिया। शोभायात्रा और कार्यक्रम के संचालन में श्रीराम युवा संगठन के पदाधिकारी और ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

### समाज के विकास में शिक्षा का अहम योगदान : ओंकार

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज अमेठी पाली का वार्षिक अधिवेशन यादव समाज ब्रजधाम भवन अमेठी में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि यादव समाज अपनी परंपरा व सामाजिक समरता के लिए जाना जाता है। समाज की सेवा और समर्पण भाव से प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करने के कारण इस समाज की अलग पहचान है। समाज के नीति नियमों व रीतियों का पालन कर समाज के उत्तरोत्तर विकास व उत्थान के लिए सोचना चाहिए। विधायक श्री साहू ने आगे कहा कि शिक्षा का समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। जब लोग शिक्षित होंगे तो वह अपने समाज के विकास के प्रति जागरूक होकर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सन्तुराम यादव अमेठी पाली ने की। विशिष्ट अतिथि कविता योगेश बाबर जिला पंचायत सभापति धमतरी, केकती अग्रवाल सरपंच, बसंती यादव अध्यक्ष अमेठी पाली कोसरिया यादव समाज, मानिक साहू उपसरपंच थे।

## प्रेस क्लब ने मनाई नेताजी की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरूद प्रेस क्लब द्वारा आजाद हिंद फौज के संस्थापक सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सहित सभी वर्ग के लोग व पत्रकार शामिल हुए और नेताजी को याद कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही।

23 जनवरी को सुभाषचन्द्र बोस की 128 वीं जयंती मनाने प्रेस क्लब कुरूद के आमंत्रण पर पहुंचे जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिवक्ता एवं व्यवसायियों ने सुबह 11 बजे तहसील कार्यालय के पास स्थापित नेताजी की भव्य प्रतिमा में पुष्पाजंलि अर्पित की। इस दौरान देश की आजादी के लिए किये गए कार्यों को यादकर उनके आदर्श पर चलने की बात कही। इस अवसर पर कुरूद प्रेस क्लब संरक्षक कृपाराम यादव, नगर पंचायत प्रतिपक्ष नेता भानु चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू, मंडी सचिव राजकुमार रात्रे, वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीकांत द्विवेदी, पूर्व व्यापारी संघ अध्यक्ष महेश केला, व्यापारी संघ सचिव धनेश बैस, खिलेंद्र चंद्राकर, अधिवक्ता प्रदीप यादव, यशवंत साहू, रमेश पांडे मोहेन्द्र चंद्राकर, पार्षद मनीष साहू, भोजराज चंद्राकर, कमलेश रेड्डी, नरेंद्र सोनी, विनीता साहू, जीपी टंडन, डीहू राम साहू, भारत साहू, किशोर यादव, धनेश, महेंद्र साहू, मनोज अग्रवाल, अध्यक्ष प्रेस क्लब मूलचंद, पूर्व अध्यक्ष अजय केला, गणेश साहू, जमाल रिज़वी, रूपेश साहू, चंदन शर्मा, यशवंत गंजीर उपस्थित थे।

एकलव्य खेल मैदान में गणतंत्र दिवस की तैयारी अंतिम चरण पर

# गणतंत्र दिवस समारोह में 11 प्लाटून करेंगे मार्चपास्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गणतंत्र दिवस को गरिमामयी व हर्षोल्लासपूर्वक मनाने एकलव्य खेल मैदान में रिर्हसल अंतिम चरण पर चल रही है। समारोह में 11 प्लाटून हिस्सा लेंगे।

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की तैयारी एकलव्य खेल मैदान में जोरों से चल रही है। मार्चपास्ट में पुलिस, एनसीसी, स्काउट सहित 11 प्लाटून भाग ले रहे हैं । गणतंत्र दिवस की तैयारी सप्ताह भर पूर्व से प्रशासन व पुलिस विभाग कर रहा है। सुबह व शाम दो शिफ्ट में खेल मैदान में प्लाटून पसीना बहा रहे हैं। वहीं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी खेल मैदान पहुंचकर रिहर्सल का बारीकी से निरीक्षण कर कमियां पाये जाने पर सुधार के लिये मार्गदर्शन दे रहे हैं। गणतंत्र दिवस के दो दिन पूर्व मंगलवार को खेल मैदान में प्लाटून द्वारा रिर्हसल की गई जिसमें पुलिस विभाग के महिला-पुरूष के दो प्लाटून, नगरी सैनिक के दो प्लाटून, एनसीसी के सीनियर डिवीजन व सीनियर विंग के दो प्लाटून, एनसीसी जूनियर डिवीजन व जूनियर विंग, स्काउट व गाइड के दो प्लाटून, रेडक्रास एवं आर्मी विंग के कुल 11 प्लाटून भाग ले रहे हैं। मंगलवार को एएसपी व डीएसपी रिहर्सल का निरीक्षण कर खेल मैदान पहुंचे थे। परेड कमांडर प्रशिक्षु डीएसपी विकेश्वरी पिन्दे व सहायक परेड कमांडर 2 आईसी एसआई रामअवतार राजपूत के नेतृत्व में प्लाटून ने समारोह के मुख्य मंच के सामने से गुजरते हुये कदमताल का प्रदर्शन किया। अंतिम रिहर्सल आज बुधवार को की जायेगी।

#### तैयारी की जा रही

रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि गणतंत्र दिवस की तैयारी की जा रही है। इसमें 11 प्लाटून भाग ले रहे हैं। समारोह के दिन सबसे पहले ध्वजारोहण किया जायेगा। तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जायेगी। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जायेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। प्लाटून द्वारा मार्च पास्ट किया जायेगा। तत्पश्चात स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभागीय झांकी का प्रदर्शन किया जायेगा।

## रामलला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की रही धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी ब्लाक में रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की धूम रही। जगह-जगह रामलला पूजे गये। दिनभर भजन कीर्तन, भंडारा सहित विविध कार्यक्रम हुए। अपने-अपने अंदाज में भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आस्था प्रकट की। शाम को घर-घर दीप जलाकर दीपावली मनाई गई। भगवान के आगमन पर छिपली के हनुमान मंदिर में मातृ शक्तियों ने खीर पूड़ी की व्यवस्था की। संबलपुर के हनुमान मंदिर में हिंदू संगठन के सदस्यों और ग्रामवासियों के सहयोग से खीर पूड़ी का वितरण किया गया। ग्राम अमली में बूंदी का महाप्रसादी वितरण किया गया। गोरेगांव में डीजे के साथ रैली निकली गई। अक्षत कलश के साथ भगवा वस्त्र पहनकर महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने नाचते-गाते रैली निकालकर भगवान के आगमन का महोत्सव मनाया। रामायण पार्टियों के भक्ति गीत संगीत पर लोग झूमते रहे। ग्रामों में सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को रोककर प्रसादी वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप




### विवेक ने भगवान राम का बनाया चित्र



**धमतरी।** ग्राम मुजगहन के विवेक पिता चुनूराम साहू ने अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा पर राम भक्ति से प्रेरित होकर अपने घर के आंगन में भगवान श्रीराम का चित्र बनाया। 15 वर्षीय विवेक स्वामी आत्मानंद स्कूल बठेना में दसवीं कक्षा का छात्र है। विवेक बताते हैं कि चित्रकला उन्होंने यूट्यूब देखकर सीखी है। स्कूल समेत कई जगहों पर वह पेंटिंग करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पेंटिंग को बनाने में दो दिन का समय लगा।

### भव्यांश ने भगवान राम का रूप धरा



**नगरी।** भगवान राम की प्राण- प्रतिष्ठा पर भव्यांश गोलछा 4 वर्ष ने भगवान श्रीराम का रूप धरा था। वह लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। भव्यांश नगरी निवासी प्रतीक-दीपिका गोलछा के पुत्र एवं भाजपा नेता राजेंद्र गोलछा के पौत्र हैं।

### उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की पुनरीक्षण कार्य की जांच



**धमतरी।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के दौरान धमतरी जिले में पुनरीक्षण कार्य की जांच के लिये उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी आशीष टीकरिहा की नियुक्ति की गई है। श्री टिकरिहा ने जिले का दौरा कर रूद्री स्थित मतदान केन्द्र सहित जिला निर्वाचन कार्यालय तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय धमतरी में एसएसआर सम्बन्धी कार्रवाई का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### खेल से शारीरिक व मानसिक विकास : ओंकार



**धमतरी।** ग्राम ढीमरटिकुर में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन अवसर के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू व विशेष अतिथि होरीलाल साहू जिला अध्यक्ष सेवादल कांग्रेस, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव पारसमणि साहू, ओमप्रकाश मानिकपूरी, धर्मेन्द्र पटेल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस तरह का आयोजन होना चाहिए जिससे खिलाड़ी जिला पर व प्रदेश स्तर पर अपना प्रदर्शन कर अपने गांव तथा क्षेत्र का नाम रोशन कर सके। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सांस्कृतिक खेलों को बढ़ावा देने, खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की थी। खो-खो, भंवरा, गिल्ली डंडा, फुगड़ी, बिल्लस सहित अनेक विधा को इसमें शामिल किया गया था। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

- ढीमरटिकुर में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

12वीं की एक व 10वीं की परीक्षा दो मार्च से शुरू होगी

# बोर्ड परीक्षाएं मार्च से, अधूरे कोर्स से बढ़ी छात्रों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

10वीं एवं 12वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 1 मार्च से प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षा एक माह शेष है। इससे छात्र-छात्राएं व पालक चिंतित हैं। उनका कहना है कि स्कूलों में अभी भी कोर्स कम्पलीट नहीं हुआ है। ऐसे में रिवीजन कब करेंगे। कुछ स्कूलों में तो विशेषज्ञ टीचर की कमी है जिसके कारण विद्यार्थी पढ़ाई में पिछड़ रहे हैं। विभाग के अधिकारियों को कोर्स पूरा कराने मशक्कत करनी पड़ रही है।

ज्ञात हो कि जिले में 54 हाईस्कूल और 150 हायर सेकेंडरी स्कूल है। कुल 50 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। कई शासकीय स्कूलों खासकर दूरस्थ गांवों के स्कूलों के शिक्षकों की कमी है तो कहीं पर विषय विशेषज्ञ टीचर का अभाव है। जनवरी माह निकलने को है। फरवरी माह शेष बचा है। इसी में कोर्स कम्पलीट भी करवाना है। शिक्षकों की कमी छात्र-छात्राओं और पालकों को भारी पड़ने लगी है। समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो इस साल भी परीक्षा में अच्छा परफार्मेंस नहीं हो पाएगा। बीते वर्षों में रिजल्ट खराब आने से रिजल्ट सुधार को लेकर अधिकारियों एवं शिक्षकों पर मनोवैज्ञानिक दबाव है।


फाइल फोटो

गौरतलब है कि उपचारात्मक शिक्षा के तहत मिशन अव्वल अभियान में शिक्षा के स्तर में काफी सुधार आया है लेकिन जिस स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, वहां कोर्स कम्पलीट करवाना किसी चुनौती से कम नहीं है। इस संबंध में कुछ स्कूलों के छात्र-छात्राएं धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर और शिक्षा विभाग को आवेदन के माध्यम से समस्या से अवगत करा चुके हैं।

कचना स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बताया कि गत दिनों हाईवे पर शिक्षकों की मांग को लेकर दो घंटे चक्काजाम भी किया था। उनका कहना है कि स्कूल का टीचर एक महीने से अवकाश पर हैं। शिक्षक के अभाव में उनका कोर्स कम्पलीट नहीं हुआ है। बच्चों की हड़ताल को पालकों ने भी समर्थन दिया। मौके पर पुलिस प्रशासन व शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे। उन्होंने लिखित में आश्वासन दिया कि दो दिन के अंदर शिक्षक की व्यवस्था करेंगे। तब जाकर विद्यार्थी शांत हुए।

शिक्षा अधिकारी ब्रजेश बाजपेयी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं की समय-सारिणी घोषित हो चुकी है। मिशन अव्वल के तहत उपराचात्मक शिक्षा से पढ़ाई का स्तर सुधरा है। उम्मीद है कि परिणाम बेहतर आएगा।

# जय श्रीराम के नारों से गूंजा नगर

- रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर श्रीराम हिंदू संगठन ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अयोध्या में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा पर धर्म की नगरी धमतरी में दिनभर सुंदरकांड, रामधुनी, अखंड रामायण पाठ हुआ। इस दौरान शहर को सनातनियों ने आकर्षक रुप से सजाया था। श्रीराम हिन्दू संगठन धमतरी द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जहां राम दरबार सजाया गया, वहीं पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। इस अवसर पर अखाड़ों का हैरतंगेज करतब पेश किया गया। शोभायात्रा में राउत नाचा की पारम्परिक धुन में महिला, बच्चे, पुरूष थिरक रहे थे। बस्तर से आये हुए बस्तरिया नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम दरबार, हनुमान जी और अन्य प्रदर्शनी शामिल रही। श्रीराम हिन्दू संगठन के सदस्यों ने बताया कि इस शोभायात्रा को भव्य रूप देने के लिए एक हफ़्ते से तैयारी की गई थी।

इस आयोजन में श्रीराम हिन्दू संगठन के प्रवीण साहू, प्रतीक सोनी, जिला साहू संघ से अवनेंद्र साहू, लक्ष्मण साहू यशवंत साहू, नीलू साहू, भागवत साहू का प्रमुख सहयोग रहा। शोभायात्रा में विधायक ओंकार साहू, महेंद्र पंडित, बिसन निषाद, राममूर्ति ग्वाल, दिनेश यादव, अर्पित सिंग, रत्नम सोनी, रोमी ठाकुर, दिलीप जैन, महेन्द्र पंडित समेत बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

### साहू समाज ने की महाआरती



**धमतरी।** भगवान की प्राण प्रतिष्ठा को सेलिब्रेट करते हुए साहू समाज ने भव्य और आकर्षक रैली निकाली। समाज के लोगों ने जश्न मनाते हुए शहर का भ्रमण किया, इसके बाद रामलला की महाआरती की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, महासचिव यशवंत साहू, रोहित साहू, रामकुमार साहू, नीलमणि साहू, ईश्वर साहू, लक्ष्मण साहू, हेमलाल साहू, मोनू साहू, भागवत साहू, श्रीमती चंद्रभागा साहू, जानकी साहू, गोपी साहू तथा साहू समाज के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल थे।

# तही बनबे मोर दुल्हनिया को मिल रहा अच्छा रिस्पॉन्स


हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- फिल्म के चारों शो में दर्शकों की भारी भीड़

छत्तीसगढ़ी फिल्म तही बनबे मोर दुल्हनिया को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। देवश्री छबिगृह में 19 जनवरी से इस फिल्म की शुरूआत हुई। फिल्म देखने शहर सहित ग्रामीण अंचल के दर्शक पहुंच रहे हैं।

दर्शक राकेश कुंजाम, रामनाथ यदु, आशा देवी, निर्मला साहू, रजनी साव, तुलेश्वरी साहू आदि का कहना है कि छत्तीसगढ़ी दर्शकों के लिए यह फिल्म एक नए अंदाज में बनाई गई है, जिसमें नजर आ रहे हैं। यह मूवी सस्पेंस से भरी हुई है। एक्शन, कामेडी, कैरेक्टर वाले सीन से भरी यह फिल्म लोगों को पसंद आ रही है।

बिजनेस साइट



लीड एक्ट्रेस के तौर पर अनुकृति चौहान हैं।

दर्शकों का कहना है कि अभी तक छत्तीसगढ़ में बनी सभी फिल्मों से टेक्निकली साउंड है। फोटोग्राफी काफी शानदार है। हिन्दी सिनेमा के सामान साफ-सुथरा व सुपरहिट गाने से भरपूर फिल्म है। अन्य कलाकार के रूप में अंकित सिंह देव, अनिल शर्मा, उपासना वैष्णव तथा विलेन की भूमिका में जीत शर्मा हैं।

लोगों ने सभी कलाकारों के काम को सराहा है। अंकित देव की भूमिका को सभी ने पसंद किया। विलेन पुष्पेन्द्र की एक्टिंग काबिलेतारीफ है।

### कृषि संबंधी तकनीकी विषयों पर संगोष्ठी आज से

**धमतरी।** जिला सहकारी संघ धमतरी द्वारा 24 जनवरी को पैक्स ग्राम भोथीडीह, 29 से 31 जनवरी तक ग्राम कंडेल, ग्राम लोहरसी व ग्राम जुगदेही के धान खरीदी केंद्र परिसर में कृषि संबंधी तकनीकी विषयों पर एक संगोष्ठी का आयोजन दोपहर 2 बजे से किया जा रहा है। अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी की डॉक्टर दीपिका चंद्रवंशी, डॉक्टर शक्ति वर्मा कीट विशेषज्ञ द्वारा फसलों में समन्वित कीट प्रबंधन, प्रेमलाल साहू शस्य विज्ञान द्वारा प्राकृतिक खेती के महत्व एवं उपयोग, मनीषा खापर्डे मत्स्य विज्ञान द्वारा मत्स्य पालन तथा अमित कुमार सिन्हा विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा प्रमुख कृषि यंत्रों के महत्व व उपयोग पर जानकारी दी जायेगा। संघ अध्यक्ष टीएल साहू ने किसानों से कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी का लाभ उठाने की अपील की है।













